सत्यमेव जयते

स्प्रिंग की पहली गणना हेतु अनुदेश पुस्तिका

संदर्भ वर्ष 2023-24

जुलाई 2023-जून 2024




भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

सी आर पाटील
C R Paatil



सत्यमेव जयते

जल शक्ति मंत्री
भारत सरकार
Minister of Jal Shakti
Government of India

Message

Springs are a crucial source of water for millions of people living in the mountain ranges across India. In these mountainous areas, villages and hamlets are often located on ridges for strategic and safety reasons, where rivers flow through deep valleys, and glaciers are positioned higher up the mountains. Due to these geographical challenges, drawing water from rivers and glaciers is not economically viable. In such regions, local springs become the primary source of water for drinking, domestic use, and agriculture for both rural and urban communities.

These small but essential water resources play a critical role in addressing water scarcity in mountainous areas, especially when larger rivers are unable to meet the demand. Recognizing the importance of springs in sustaining water security in these regions, the Department of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation (DoWR, RD & GR) is conducting the first-ever Spring Census in India, alongside the 7th Minor Irrigation (MI) Census, the 2nd Census of Water Bodies, and the 1st Census of Major & Medium Irrigation Projects, all under the centrally sponsored 'Irrigation Census' scheme.

To facilitate the smooth execution of the Spring Census, a comprehensive manual has been prepared, covering key concepts, definitions, methodology, frequently asked questions, and other essential guidelines. I trust that the concerned officials will utilize this manual effectively to ensure the collection of accurate and reliable data from the field.

C R Paatil

C R Paatil

जल शक्ति अभियान
संचय जल, बेहतर कल

Office : 210, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110 001
Tel: No. (011) 23711780, 23714663, 23714200, Fax : (011) 23710804
E-mail : minister-jalshakti@gov.in

डॉ. राज भूषण चौधरी
Dr. Raj Bhushan Choudhary

सत्यमेव जयते

जल शक्ति राज्य मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
MINISTER OF STATE FOR JAL SHAKTI
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI - 110001



MESSAGE

Mountain springs are the primary source of water for rural households in the Himalayan region, and for many, the sole source of water. Both rural and urban communities rely on springs for drinking, domestic, and agricultural water needs. Despite their importance, springs have received inadequate attention and are facing threats, including declining discharge due to increased water demand, changing land use patterns, ecological degradation and erratic precipitation trends. To address this, a database on springs is essential for restoration, revival, and sustenance of springs.

In light of the importance of springs, I am happy to inform that the Ministry of Jal Shakti, Department of Water Resources, River development and Ganga Rejuvenation is undertaking the 1st Census of Springs, along with the 7th Minor Irrigation Census, 2nd Census of Water Bodies, and 1st Census of Major and Medium Irrigation Projects.

I hope the Manual will serve as a uniform guide for all States and Union Territories to follow during the census, ensuring high-quality data. The manual outlines concepts, definitions, and procedures for the 1st Census of Springs. The census shall be undertaken paperless, entirely in digital mode to ensure accuracy and efficiency.

(Dr. Raj Bhushan Choudhary)

215, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली -**110 001**, 215, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110 001
दूरभाष : (011) 23708419, 23718759, फैक्स : 011-23354496, Tel. : (011) 23708419, 23718759, Fax : 011-23354496
ई-मेल/E-mail : mos-mowr@nic.in

देवश्री मुखर्जी
Debashree Mukherjee
सचिव
SECRETARY



भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास
और गंगा संरक्षण विभाग
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF JAL SHAKTI
DEPARTMENT OF WATER RESOURCES,
RIVER DEVELOPMENT & GANGA REJUVENATION

FOREWORD

Springs are the source of water from generations to millions of inhabitants in the mountain ranges across the country. Proximity of springs was the first and foremost criteria for settlement of villages and hamlets in the mountainous areas and hence local populace have been solely dependent on these springs for theirs daily water needs. Local people have developed traditional techniques and wisdom to manage these springs in olden days. As villages and hamlets expanded over time, the catchment areas of these springs decreased/degraded, leading to a subsequent reduction in discharge and degradation of the spring water quality. The rate of diminishing discharge and degrading quality of springs water have also been exacerbated by the changing climate which is significantly higher in mountainous areas than rest of the country.

In 2018, NITI Aayog acknowledged the importance of springs and took cognizance for the rapid drying/diminishing of these springs across the country particularly in Indian Himalayan Region (IHR) and constituted a working group on "Inventory and revival of springs in the Himalayas for water Security". The report revealed that the available secondary data on springs underestimate the actual counts of springs and hence the report emphasized on the urgent need of spring mapping and creation of Web-enabled database/Web portal on which springs can be mapped/tagged. This available database would be immensely useful to formulate effective policies, plannings and schemes for springshed management in the country in changing climate.

The Department of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation, Ministry of Jal Shakti has been conducting census of Minor Irrigation (MI) since 1986-87. The census is being conducted under the centrally sponsored scheme 'Irrigation Census' which is a standalone component under the Umbrella Scheme- Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana and other schemes. Six MI census have been conducted so far. Ministry had undertaken First Census of Water Bodies in convergence with the 6th MI Census with reference year 2017-18.

In view of the importance of springs in sustaining the water demand of a large portion of the country (about 15%), I am happy to inform that MI (Stat.), DoWR, RD & GR is undertaking the 1st Spring Census along with the forthcoming 7th MI and 2nd Water bodies censuses in the country. The census will be conducted entirely in digital mode, utilizing a mobile application, thereby eliminating the use of paper and resulting in significant savings in resources, including time and cost.

To ensure the smooth execution of the spring census, a comprehensive reference manual has been jointly prepared by the Scientists of Cell for Spring Studies (CeSS), National Institute of Hydrology (NIH), Roorkee, and MI (Stat.), DoWR, RD&GR, Ministry of Jal Shakti. This collaborative effort involved consultations with various state and central government departments, NGOs, and domain experts through workshops, brainstorming sessions, and meetings. The manual has been enhanced with feedback from pilot testing of the mobile app, regional/state-level workshops, and the User Acceptance Test (UAT) of the mobile app. This document aims to assist field-level functionaries, primary workers, and enumerators in efficiently collecting data on the ground. The manual serves as a guide, outlining concepts, definitions, and procedures to be uniformly followed by all states and union territories during fieldwork. I hope that the concerned officials involved in the conduct of census will make full use of this document for collection of data of 1st Spring Census of the country.

(Debashree Mukherjee)

श्रम शक्ति भवन,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001 / Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110 001
Tel. : 011-23710305, 23715919, Fax : 011-23731553, E-mail : secy-mowr@nic.in, Website : http://www.mowr.gov.in

अनुक्रमणिका

क्रम संख्या	विवरण	पृष्ठ संख्या
	अध्याय	
1.	परिचय	ए1 - ए2
2.	पहली स्प्रिंग गणना की कवरेज, अवधारणाएँ और परिभाषाएँ	बी1 – बी6
3.	पहली स्प्रिंग गणना संचालन की कार्यप्रणाली	सी1 – सी9
4.	उपयोगकर्ता प्रबंधन वेब एप्लिकेशन और मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करने के लिए निर्देश	डी1 – डी21
5.	स्प्रिंग गणना शैडयूल भरने के लिए सामान्य निर्देश	ई1 - ई10
6.	अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न	एफ1 – एफ2
	अनुलग्नक	
1.	भारत के विभिन्न राज्यों में जिला/उप-जिला/ब्लॉक/गांव की संख्या	i-iv
2.	जल निकाय के लिए "स्प्रिंग के रूप में स्वीकृत" और "स्प्रिंग के रूप में अस्वीकृत" चित्रण	v-xi
3.	स्प्रिंग की प्रथम गणना का शैडयूल	xii-xiv
4.	पहली स्प्रिंग गणना के शैडयूल के लिए सत्यापन जाँच	xv-xviii
5.	निधि का प्रावधान	xix-xxii
6.	मोबाइल की विशिष्टताएँ	xxiii
7.	स्क्रूटनी जाँच बिंदु	xxiv
8.	अतिरिक्त सत्यापन जाँच बिंदु	xxv

संक्षिप्तियाँ:

बी.एल.ओ.	ब्लॉक स्तर अधिकारी
सी.जी.डब्ल्यू.बी.	केंद्रीय भूमिजल बोर्ड
सी.डब्ल्यू.सी.	केंद्रीय जल आयोग
डी.ई.एस.	अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय
डी.एल.ओ.	जिला स्तरीय अधिकारी
डी.पी.ए.पी.	सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम
डी.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. और जी.आर.	जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा संरक्षण
एफ.ओ.डी.	फील्ड ऑपरेशन डिवीजन
जी.पी.एस.	ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम
आई.एच.आर.	भारतीय हिमालयी क्षेत्र
एल.जी.डी.	स्थानीय सरकार निर्देशिका
एम.आई.	लघु सिंचाई
एन.आई.एच.	राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान
एन.आई.टी.आई.	राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था
एन.जी.ओ.	गैर-सरकारी संगठन
एन.आई.सी.	राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र
एन.एस.एस.ओ.	राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय
पी.एम.के.एस.वाई.	प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना
आर. एंड डी.	अनुसंधान और विकास
एस.ए.एस.ए.	राज्य कृषि सांख्यिकी प्राधिकरण
एस.एल.ओ.	राज्य स्तरीय अधिकारी
एस.डब्ल्यू.आई.सी.	राज्य जल सूचना विज्ञान केंद्र
यू.ए.टी.	यूजर (उपयोगकर्ता) स्वीकृति परीक्षण
यू.टी.	केंद्र शासित प्रदेश

अध्याय 01:

परिचय

1.1 परिचय

1.2 स्प्रिंग, सतह पर भूजल का प्रत्यक्षीकरण, देश भर के पर्वतीय क्षेत्रों में लाखों लोगों के लिए जल आपूर्ति का मुख्य स्रोत हैं। नीति आयोग के कार्य दल की रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में लगभग 200 मिलियन भारतीय स्प्रिंग पर निर्भर हैं – मुख्यतः भारतीय हिमालयी क्षेत्र, पश्चिमी घाट (सह्याद्रि पर्वतमाला, जो महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु से होकर गुजरती है), पूर्वी घाट (उत्तरी ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु) और मध्य भारत (सतपुड़ा और विंध्य पर्वत) – जिसका अर्थ है कि भारत की 15% से अधिक आबादी अपनी जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्प्रिंग पर निर्भर है।

1.3 पर्वतीय क्षेत्रों में, गाँव/बस्तियाँ रणनीतिक और सुरक्षा दृष्टिकोण से स्थानीय चोटियों पर होती हैं। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ नदियाँ गहरी घाटियों में बहती हैं और ग्लेशियर ऊँचाई पर स्थित होते हैं। अतः इन दोनों स्रोतों से जल प्राप्त करना आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं होता। ऐसी स्थिति में स्थानीय स्प्रिंग ग्रामीण और शहरी दोनों समुदायों के लिए पीने, घरेलू और कृषि जल की जरूरतों को पूरा करने का एकमात्र स्रोत हैं। इसके अतिरिक्त, ये स्प्रिंग कई नदियों में जल प्रवाह प्रदान करते हैं और सूखे के मौसम में उन्हें बनाए रखते हैं और शायद ही कोई नदी हो जिसे ये स्प्रिंग पोषित न करते हों। जब बड़े नदी स्रोत भी जल संकट को हल नहीं कर पाते, तब ये छोटे जल स्रोत भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में जल संकट के समाधान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

1.4 स्प्रिंग के महत्व को देखते हुए 2018 में जारी "हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा के लिए स्प्रिंग का सूचीकरण और पुनरुद्धार" पर नीति आयोग कार्य दल- I की रिपोर्ट में स्प्रिंग की मैपिंग करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया था। रिपोर्ट में भारतीय हिमालयी क्षेत्र (आई.एच.आर.) में स्प्रिंग के सूखने की स्थिति की समीक्षा की गई और यह पाया गया कि आधे से अधिक बारहमासी स्प्रिंग या तो सूख चुके हैं या मौसमी बन गए हैं, जिससे सैकड़ों हिमालयी गांवों में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि स्प्रिंग से संबंधित जो द्वितीयक आंकड़े उपलब्ध हैं, वे वास्तविक स्प्रिंग की संख्या को कम आंकते हैं। अतः रिपोर्ट में स्प्रिंग के सटीक मानचित्रण और वेब-सक्षम डाटाबेस/वेब पोर्टल के निर्माण की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया गया, जिस पर सभी राज्यों, सरकारी विभागों, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और स्प्रिंग पर कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों द्वारा स्प्रिंग का मानचित्रण/टैगिंग की जा सके।

1.5 इसके अतिरिक्त जल संसाधन पर संसदीय स्थायी समिति (2022-23) की 23वीं रिपोर्ट में डी.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी.&जी.आर. से हिमालयी क्षेत्र में स्प्रिंग के पुनरुद्धार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया गया है क्योंकि लाखों लोग अपनी पीने, घरेलू और कृषि जल जरूरतों के लिए केवल स्प्रिंग पर निर्भर हैं। डी.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी.&जी.आर. ने देश में स्प्रिंगशेड प्रबंधन कार्य में तेजी लाने के लिए "देश के पर्वतीय क्षेत्रों सहित भारतीय हिमालयी क्षेत्र (आई.एच.आर.) के स्प्रिंगशेड मानचित्रण और स्प्रिंगशेड आधारित वाटरशेड प्रबंधन योजना" पर संचालन समिति का गठन किया। समिति ने देश में स्प्रिंगशेड प्रबंधन में तेजी लाने में पर्याप्तता और कमी का पता लगाया और पाया कि देश में स्प्रिंग और स्प्रिंगशेड मैपिंग के लिए कोई व्यवस्थित तंत्र, एक समान प्रारूप और तकनीक नहीं है, जो देशमें स्प्रिंगशेड प्रबंधन में तेजी लाने के लिए पहली और सबसे बड़ी बाधा है। इसलिए, समिति ने "भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में स्प्रिंगशेड प्रबंधन

https://mowr.nic.in/core/WebsiteUpload/2024/Resource%20book_Springshed_Management_Final.pdf" पर एक स्रोत पुस्तिका तैयार की, जो देश में स्प्रिंग और स्प्रिंगशेड मैपिंग के लिए एजेंसियों/विभागों का मार्गदर्शन करने के लिए तकनीकी दस्तावेज के रूप में कार्य करती है।

1.6 देश के पर्वतीय भागों में जल सुरक्षा को बनाए रखने में स्प्रिंग के महत्व को देखते हुए, डी.ओ.डब्ल्यू.आर., आर.डी. और जी.आर. ने केंद्र प्रायोजित योजना 'सिंचाई गणना' के तहत 7वीं एम.आई. गणना और जल निकायों की दूसरी गणना के साथ-साथ देश की पहली स्प्रिंग गणना शुरू करने का निर्णय लिया।

*****

अध्याय 02:

पहली स्प्रिंग गणना की कवरेज, अवधारणाएँ और परिभाषाएँ

2.0 सामान्य

2.0.1 पहली स्प्रिंग गणना को 7वीं लघु सिंचाई गणना के साथ समन्वय में संचालित किया जाएगा, जिसमें 2023-24 का कृषि वर्ष संदर्भ वर्ष होगा। यह गणना पूरी तरह से डिज़िटल माध्यम से की जाएगी, डेटा संग्रहण मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से, और डेटा सत्यापन एवं निगरानी वेब एप्लिकेशन के माध्यम से की जाएगी। गणना की वेब एप्लिकेशन में वास्तविक समय में प्रगति दर्शाने वाला डैशबोर्ड भी समाहित किया गया है।

2.0.2 पहली स्प्रिंग गणना देश की भौगोलिक सीमाओं के भीतर स्थित सभी स्प्रिंग की पूर्ण गणना है। यह गणना उन स्प्रिंग को भी कवर करेगी जो हाल के वर्षों (पिछले 5–10 वर्षों) में सूख चुके हैं। ऐसे मामलों में, गणनाकार/बी.एल.ओ. को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्प्रिंग के सूखने का प्रमाण उचित रूप में प्रस्तुत किया जाए — जैसे कि स्प्रिंग की संरचना का फ़ोटो, जिससे यह स्पष्ट हो कि वहां कभी स्प्रिंग था।

2.0.3 पहली स्प्रिंग गणना के लिए संदर्भ वर्ष 2023-24 का कृषि वर्ष निर्धारित किया गया है। इस गणना का फील्ड वर्क गणना प्रारंभ होने की तिथि से 6 महीनों के भीतर पूरा किया जाएगा। गणना के दौरान जानकारी पहली स्प्रिंग गणना के निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से एकत्र की जाएगी।

2.0.4 पहली स्प्रिंग गणना ग्रामीण एवं शहरी — दोनों क्षेत्रों में की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में गणना की प्राथमिक क्षेत्रीय इकाई क्रमशः गांव और वार्ड होंगे। जो स्प्रिंग वन क्षेत्रों में स्थित हैं, उन्हें सबसे निकटवर्ती गांव या वार्ड के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। गणना में देशभर की सभी प्रशासनिक इकाइयों की सूची हेतु स्थानीय सरकार निर्देशिका कोड (एल.जी.डी.) का उपयोग किया जाएगा।

क्षेत्र और कवरेज

2.0.5 पहली स्प्रिंग गणना लक्षद्वीप को छोड़कर सम्पूर्ण भारतीय संघ में संचालन की जाएगी । इसके अतिरिक्त, वे क्षेत्र जो संपूर्ण वर्षभर दुर्गम रहते हैं और/या जहाँ की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के लिए जानकारी एकत्र करना असंभव है, उन्हें भी इस गणना के दायरे से बाहर रखा जा सकता है।

गणना का फ्रेम

2.0.6 पहली स्प्रिंग गणना के लिए स्थानीय सरकार निर्देशिका कोड्स (एल.जी.डी.) का उपयोग किया जाएगा, जिन्हें ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट (एम.एम.पी.) के तहत पंचायत एंटरप्राइज सूट (पी.ई.एस.) के एक भाग के रूप में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है। स्थानीय सरकार निर्देशिका (एल.जी.डी.) का मुख्य उद्देश्य एक मानकीकृत स्थान निर्देशिका का निर्माण करना है, जिसके माध्यम से राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को एक ऑनलाइन मंच प्रदान किया जाता है, ताकि वे अपने-अपने प्रशासनिक इकाइयों की अद्यतन (जैसे ज़िले, उप-ज़िले, गांव, ब्लॉक, स्थानीय स्वशासन निकाय और उनके संबंधित ग्रामीण/शहरी वार्ड) को भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय (ओ.आर.जी.आई.), गृह मंत्रालय (एम.एच.ए.) के सहयोग से बनाए रख सकें।

2.0.7 मंत्रालयों/विभागों/राज्यों/ केंद्र राज्य क्षेत्रों के ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों में मानक स्थान कोड के रूप में एल.जी.डी. कोड को अपनाने से सभी ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों में डेटा का आदान-प्रदान सुचारू रूप से होगा और इस प्रकार सिस्टम में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

2.0.8 यह गणना पूर्णतया डिज़िटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें राज्य/ज़िला/उप-ज़िला (विकास खंड) / गांवों पर आधारित एल.जी.डी. कोड स्वचालित रूप से गणनाकार के मोबाइल एप्लिकेशन में भर दिए जाएंगे। इस प्रक्रिया के लिए 12.02.2025 तक के एल.जी.डी. कोड को गणना के फ्रेम के रूप में लिया जाता है। एल.जी.डी. कोड में प्रयुक्त पदानुक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य / ज़िला / उप-ज़िला (विकास खंड) / गांव, शहरी क्षेत्रों में राज्य / ज़िला / नगर / वार्ड होगा।


2.0.9 मास्टर फ्रेम को सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ पुष्टि के लिए साझा किया गया है और यदि कोई गांव/वार्ड एल.जी. डायरेक्टरी में छूट गए हों, तो उन्हें बाद में फ्रेम में शामिल किया जाएगा। मास्टर फ्रेम के अनुसार, देश में 6,67,220 गांव और 91,458 वार्ड हैं। उप-ज़िला (ब्लॉक)/नगर के भीतर डुप्लिकेट गांवों/वार्डों की भी राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों को प्रदान की गई है, ताकि गणनाकारों को उन गांवों/वार्डों में नियुक्त करते समय अतिरिक्त सावधानी बरती जा सके। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के अनुसार गांवों और वार्डों की संख्या **अनुलग्नक- I** में दी गई है।

2.1 उपयोग किए जाने वाले स्प्रिंग की परिभाषा

2.1.1 स्प्रिंग पृथ्वी की सतह पर प्राकृतिक रूप से होने वाले भूजल का एक संकेंद्रित बहाव है। सामान्य तौर पर स्प्रिंग मुक्त प्रवाह या रिसाव (सीप) स्प्रिंग होते है।



चित्र 2.1 मुक्त प्रवाह स्प्रिंग



चित्र 2.2 सीप स्प्रिंग

स्प्रिंग गणना के लिए, स्प्रिंग के मानचित्रण के दौरान निम्नलिखित स्थितियों पर विचार किया जाना चाहिए,

2.1.2 सभी प्राकृतिक रूप से उत्पन्न भूजल प्रवाहों को विसरित निर्वहन के साथ स्प्रिंग के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है। उदाहरण के लिए,

- **सीपेज :-** *इसका तात्पर्य उनसे है जहाँ कोई विविक्त प्रवाह बिंदु निर्धारित नहीं किया जा सकता, जैसे कि नदी, झील या नाले के किनारों से भूजल का रिसाव होना, जिससे एक गीला और दलदली क्षेत्र बनता है।*




चित्र 2.3 विवित्त निर्वहन (सीपेज, स्प्रिंग नहीं है) के कारण जलभराव

• **आर्द्रभूमि:-** *जिन क्षेत्रों में जल स्तर सतह के पास है, वहां भूजल फैलकर बहता है, जिससे दलदली या दलदली पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होता है जो विशिष्ट पौधों और पशु जीवन का समर्थन करता है।*



चित्र 2.4 दलदली आर्द्रभूमि (स्प्रिंग नहीं है)

(1) स्प्रिंग गणना में तालाब और कृत्रिम स्थितियाँ, जैसे खोदे गए कुएँ, आर्टिसियन कूप और खुदाई में दिखाई देने वाला भूजल शामिल नहीं होना चाहिए।







चित्र 2.5 तालाब (स्प्रिंग नहीं है) **चित्र 2.6** खोदा गया कुआं (स्प्रिंग नहीं है) **चित्र 2.7** आर्टिसियन कूप (स्प्रिंग नहीं है)

2.1.3 प्राकृतिक स्प्रिंग जिनके आउटलेट पर उनके प्रवाह को निर्देशित/मार्गदर्शित करने के लिए पाइप लगाए गए हैं, उन्हें स्प्रिंग के मानचित्रण में शामिल किया जाना चाहिए और उन्हें पाइपलाइन जल आपूर्ति से भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।






चित्र 2.8 पाइप आउटलेट वाले स्प्रिंग

हालाँकि, निम्नलिखित को स्प्रिंग नहीं माना जाना चाहिए:

- कृत्रिम टैंकों और पंपिंग योजनाओं से जुड़े पाइप।
- आसपास या निकटवर्ती नदियों, नालों या स्प्रिंग से पानी खींचने वाले पाइप।

नोट: *गणनाकार को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि पाइप में जो पानी आ रहा है वह अचानक पृथ्वी से रिस रहा हो और पाइप की भूमिका केवल रिसने वाले पानी को निर्देशित करना हो।*

2.1.4 मुक्त प्रवाह वाले स्प्रिंग के अतिरिक्त, जो संकेन्द्रित प्रवाह की विशेषता रखते हैं, छोटे और स्थानीय भूजल रिसाव होते हैं जो पारगम्य तलछट या चट्टान में दरारों के माध्यम से होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप जल के छोटे-छोटे तालाबों का निर्माण होता है, जिन्हें स्थानीय क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है, जैसे, उत्तराखंड में नौला,हिमाचल प्रदेश में बावली,जम्मू और कश्मीर में बावली/बावरी, इनको भी स्प्रिंग गणना में शामिल किया जाना चाहिए। स्प्रिंग मानचित्रण के दौरान इन्हें अन्य बड़ी संरचनाओं जैसे कि सीढ़ीदार कुओं (जैसे, नई दिल्ली में अग्रसेन की बावली, गुजरात में रानी की वाव, आदि) के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।



चित्र 2.9 जम्मू और कश्मीर के उधमपुर जिले में बाउली/बावरी

2.2 भारत के विभिन्न राज्यों में स्प्रिंग का स्थानीय नामकरण

2.2.1 भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्प्रिंग को संदर्भित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले स्थानीय नामकरण में उल्लेखनीय भिन्नता मौजूद है। परिणामस्वरूप, स्प्रिंग मानचित्रण अभ्यास करते समय स्थानीय लोगों द्वारा प्रयुक्त विशिष्ट स्थानीय पदनामों को शामिल करना उचित है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्प्रिंग के लिए लोकप्रिय नामकरण की एक 'गैर-विस्तृत' सूची निम्न दर्शाई गई है:

तालिका 2.1 भारत के विभिन्न राज्यों में स्प्रिंग का स्थानीय नामकरण

क्र.सं.	**राज्य**	**स्प्रिंग का स्थानीय नामकरण**
1	अरुणाचल प्रदेश	आदि जनजाति के लोगों द्वारा हिकुर, और न्याशी जनजाति द्वारा सदांग
2	असम	ऊह
3	हिमाचल प्रदेश	पनिहार, नाडु, बावड़ी, छारेडू
4	जम्मू और कश्मीर	चश्मा, नाग, बावली
5	कर्नाटक	नीरीना बुग्गे, करणजी नीरू, ओरवु
6	केरल	जलधारा, ओट वेल्लम
7	लद्दाख	चुमिक
8	महाराष्ट्र	जरा या जारा
9	मणिपुरी	इफुत, मैतेई लोगों द्वारा
10	मेघालय	गारो जनजातियों द्वारा चिमिक
11	मिजोरम	सिह
12	नागालैंड	कोहिमा क्षेत्र में डज़ुलुओ, ज़ुन्हेबोटो क्षेत्र में अज़ुकिखी, फ़ेक क्षेत्र में दज़ुरी, और

		वोखा क्षेत्र में त्चुलान
13	सिक्किम	धारा, उमरे को पानी (नेपाली)
14	त्रिपुरा	हथाई-नी स्वदेशी लोगों द्वारा, और बंगाली लोगों द्वारा झरना
15	उत्तराखंड	कुमाऊं क्षेत्र में नौला, पनेरा, और गढ़वाल क्षेत्र में धारा, पनेरा

2.2.2 इकाई को "स्प्रिंग के रूप में स्वीकृत" और "स्प्रिंग के रूप में अस्वीकृत" दर्शाने वाली विस्तृत सूची वास्तविक स्प्रिंग के मानचित्रण में गणनाकारों की मदद करने के लिए **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

****

अध्याय 03:

पहली स्प्रिंग गणना संचालन की कार्यप्रणाली

3.0 कार्यप्रणाली

3.0.1 स्प्रिंग की पहली गणना मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से पूरी तरह से डिजिटल रूप से की जाएगी, जिससे कागज़-आधारित डेटा संग्रह की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। दोनों गणनाओं के लिए गणना की अंतिम इकाई ग्रामीण क्षेत्रों में गाँव और शहरी क्षेत्रों में वार्ड है। सुचारू निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए, राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में नोडल विभागों को राज्य स्तरीय अधिकारी (एस.एल.ओ.), जिला स्तरीय अधिकारी (डी.एल.ओ.), ब्लॉक स्तरीय अधिकारी (बी.एल.ओ.) और गणनाकार नियुक्त करने होंगे। एस.एल.ओ. जिला स्तर पर यूजर खाते बनाने के लिए उत्तरदायी होगा, जो ब्लॉक-स्तरीय अधिकारियों तक पहुंचेगा और वे बाद में गाँवों को गणनाकारों को आबंटित करेंगे। प्रत्येक गाँव/वार्ड को एक ही गणनाकार को आबंटित किया जाएगा, ताकि कोई दोहराव न हो।

3.0.2 एक ब्लॉक/उप-जिले के लिए एक से अधिक यूजर आई.डी. बनाने का प्रावधान होगा। जब जिला स्तर अधिकारी (डी.एल.ओ.) द्वारा ब्लॉकों की यूजर आई.डी. बनाई जाएगी, तब एक एक्सेल/पी.डी.एफ. शीट दिखाई देगी जिसमें ब्लॉकों के नाम और संबंधित ब्लॉकों में गांवों की संख्या प्रदर्शित होगी। ब्लॉक में गांवों की संख्या के अनुसार या तो एक ब्लॉक के लिए एक यूजर आई.डी. या उसी ब्लॉक के लिए एक से अधिक यूजर आई.डी. बना सकते हैं। 50 गांवों तक के ब्लॉक के लिए केवल एक ही यूजर आई.डी. बनाई जाएगी। इसी तरह, 1-100 गांवों के लिए डी.एल.ओ. के पास ब्लॉक के लिए अधिकतम दो यूजर आई.डी. बनाने का विकल्प होगा, हालांकि यह डी.एल.ओ. पर निर्भर है कि वह या तो एक ब्लॉक या उप-जिले के लिए एक से अधिक आई.डी. बनाना चाहता है या एकल यूजर आई.डी. के साथ जाना चाहता है। इस तरह से ब्लॉक स्तरीय यूजर आई.डी. का निर्माण 50 गांवों के गुणकों पर किया जाएगा।

3.0.3 गणनाकार सर्वेक्षण की शुरुआत प्रत्येक गाँव के अंतर्गत आने वाले सभी स्प्रिंग्स का सर्वेक्षण करके करेगा। जो स्प्रिंग्स जंगल क्षेत्र में स्थित हैं, उन्हें निकटतम गाँव के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में काम करने वाले मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग डेटा संग्रह के लिए किया जाएगा, जिसमें गणनाकारों को प्रत्येक योजना के अक्षांश/देशांतर और तस्वीरों को कैप्चर करना होगा। जबकि जाँच डिज़िटल रूप से की जाएगी, सत्यापन एन.आई.एच. और एन.आई.सी. द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों को यह डेटा 6 महीनों के भीतर एकत्रित करना होगा, जिसके बाद इसे केंद्रीय स्तर पर आगे की समीक्षा के लिए भेजा जाएगा।

3.0.4 जब फील्ड कार्य चल रहा हो, उस दौरान निरीक्षण और जाँच निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाना अनिवार्य होगा,

i. ब्लॉक/उप-जिला स्तर अधिकारी

ii. जिला स्तर अधिकारी

iii. राज्य स्तर अधिकारी

3.0.5 राज्य और केंद्रीय टीम भी राज्य का दौरा करेगी और फील्ड वर्क की गुणवत्ता की जाँच करेगी।

3.1 कार्यान्वयन दिशा-निर्देश

3.1.1 प्रत्येक राज्य में एक संचालन समिति का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता एमआई और जल निकाय गणना के लिए नोडल विभाग के सचिव करेंगे और सी.डब्ल्यू.सी., राजस्व, सिंचाई, जल संसाधन, पंचायती राज, राज्य योजना, डी.ई.एस., ग्रामीण विकास विभाग और एन.एस.एस.ओ. (एफओडी) के राज्य प्रमुख इसके सदस्य होंगे। गणना कार्यों के दौरान तकनीकी इनपुट प्रदान करने और राज्य नोडल विभाग का मार्गदर्शन करने के लिए राज्य के प्रभारी सी.डब्ल्यू.सी. के क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में एक तकनीकी उप समिति बनाई जाएगी। सी.जी.डब्ल्यू.बी. के क्षेत्रीय कार्यालय और राज्य जल सूचना विज्ञान केंद्र (एस.डब्ल्यू.आई.सी.) जहां भी स्थापित हो, का एक प्रतिनिधि भी इस समिति का सदस्य होगा। स्प्रिंग पर विचार करते हुए, समिति के अध्यक्ष अन्य संबंधित राज्य विभागों जैसे भूजल विभाग, भूवैज्ञानिक विभाग, मृदा और जल संरक्षण विभाग आदि के प्रतिनिधियों को भी सहयोजित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रमुख और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की गणना और स्प्रिंग की गणना के लिए नोडल विभागों के प्रतिनिधि संचालन समिति के साथ-साथ तकनीकी उप समिति में भी होने चाहिए।

3.1.2 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपने प्रशिक्षण मॉड्यूल और नियमपुस्तक को क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार कर सकते हैं।

3.1.3 राज्य एवं जिला स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से संचालित किया जा सकता है। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के गणना आयुक्तों को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह अभियान समय पर क्रियान्वित किया जाए।

3.2 प्रक्रिया प्रवाह

3.2.1 राज्य, जिला, ब्लॉक और गणनाकार स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों का प्रवाह, वेब एप्लिकेशन और मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग के लिए नीचे विस्तार से दिया गया है।

3.2.2 राज्य स्तर

राज्य स्तर अधिकारी वेब एप्लिकेशन में लॉगिन करेंगे, तो एक बार की प्रमाणीकरण प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें ओ.टी.पी. के माध्यम से पुष्टि की जाएगी, जो ई.मेल. और मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगा।

3.2.2.1 राज्य स्तर अधिकारी को जिला स्तर यूजर बनाने से पहले प्रत्येक जिले के लिए अधिकारी नियुक्त करने होंगे। वेब एप्लिकेशन पर यूजर क्रिएशन के दौरान, उस अधिकारी का ई.मेल. और मोबाइल नंबर दर्ज किया जाएगा, जिसके लिए जिला लॉगिन आई.डी. बनाई जाएगी।

3.2.2.2 बी.एल.ओ. द्वारा अनुमोदित शेड्यूल्स डी.एल.ओ. एबं एस.एल.ओ. के खाते पर भी उपलब्ध होंगे। उन सूचियों की जांच की जा सकती है तथा डी.एल.ओ. स्तर पर आवश्यक संशोधनों के लिए उन्हें बी.एल.ओ. को वापस भेजा जा सकता है।

3.2.2.3 एस.एल.ओ. डेटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यादृच्छिक क्षेत्र (रैंडम फील्ड) निरीक्षण भी कर सकते हैं।

3.2.2.4 एस.एल.ओ. स्तर प्रक्रिया प्रवाह नीचे दर्शाया गया है,



3.2.3 जिला स्तर


एस.एल.ओ. द्वारा प्रदान किए गए यूजर आई.डी. और पासवर्ड की मदद से जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा वेब एप्लिकेशन में लॉगिन करते समय, ई.मेल. और मोबाइल नंबर (जैसा कि लॉगिन बनाते समय एस.एल.ओ. द्वारा दर्ज किया गया है) पर प्राप्त ओ.टी.पी. की मदद से एक बार प्रमाणीकरण किया जाएगा।

3.2.3.1 जिला स्तर अधिकारी को वेब एप्लिकेशन पर गणना के लिए यूजर क्रिएशन से पहले प्रत्येक ब्लॉक/उप-जिले के लिए अधिकारी नियुक्त करने होंगे। वेब एप्लिकेशन पर यूजर क्रिएशन करते समय उस अधिकारी का ई.मेल. और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, जिसके लिए ब्लॉक/उप-जिले की लॉगिन आई.डी. बनाई जा रही है।

3.2.3.2 डी.एल.ओ. ब्लॉक/उप-जिले के लिए एक यूजर आई.डी. या ब्लॉक में गांवों की संख्या के अनुसार एक ही ब्लॉक/उप-जिले के लिए एक से अधिक यूजर आई.डी. बना सकते हैं। 50 गांवों तक के ब्लॉक के लिए केवल एक यूजर आई.डी. होगी। इसी तरह, 1-100 गांवों के लिए डी.एल.ओ. के पास ब्लॉक के लिए दो यूजर आई.डी. बनाने का विकल्प होगा। इस तरह 50 गांवों के गुणकों पर ब्लॉक स्तरीय यूजर आई.डी. का निर्माण किया जाएगा।

3.2.3.3 बी.एल.ओ. द्वारा प्रस्तुत सूचियों की जांच की जा सकती है और इसे बी.एल.ओ. स्तर पर आवश्यक संशोधनों के लिए बी.एल.ओ. को वापस किया जा सकता है। डी.एल.ओ. डेटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए रैंडम फील्ड निरीक्षण भी कर सकते हैं।

3.2.3.4 डी.एल.ओ. स्तर की प्रक्रिया प्रवाह नीचे दिया गया है|



3.2.4 ब्लॉक स्तर

डी.एल.ओ. द्वारा प्रदान की गई यूजर आई.डी. और पासवर्ड की मदद से बी.एल.ओ. द्वारा वेब एप्लिकेशन में लॉगिन करते समय ई.मेल. और मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओ.टी.पी. की मदद से एक बार प्रमाणीकरण किया जाएगा (जैसा कि लॉगिन बनाते समय जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा दर्ज किया गया है)

3.2.4.1 गणना के वेब एप्लिकेशन पर यूजर क्रिएशन से पहले ब्लॉक / उप-जिला स्तर के अधिकारी को प्रत्येक गांव के लिए अधिकारी नियुक्त करना होगा। वेब एप्लीकेशन पर यूजर क्रिएशन करते समय उस गणनाकार का ई.मेल. दर्ज करना होगा जिसके लिए लॉगिन आई.डी. बनाई गई है।

3.2.4.2 बी.एल.ओ. को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके ब्लॉक के किसी भी गांव में कोई स्प्रिंग न छूटा हो। चूंकि स्प्रिंग आमतौर पर पहाड़ी स्थलाकृति में पाए जाते हैं, इसलिए बी.एल.ओ. को उस ब्लॉक के "स्प्रिंग उपलब्ध नहीं" श्रेणी में रखे जाने वाले गांवों का विवेकपूर्ण चयन करना होगा।

हालांकि, ऐसा निर्णय लेने से पहले एस.एल.ओ. स्थानीय संबंधित एजेंसियों से परामर्श करने के बाद ऐसे गांवों/ब्लॉकों/जिलों को संकलित करेगा और राज्य की राज्य स्तरीय संचालन समिति/तकनीकी उप-समिति से अनुमोदन प्राप्त करेगा।

3.2.4.3 प्रत्येक गांव या वार्ड को यह सुनिश्चित करते हुए एक निश्चित समय में एक ही गणनाकार को सौंपा जाएगा कि कोई भी गांव या वार्ड एक से अधिक गणनाकारों को नहीं सौंपा गया है। लेकिन एक ही गणनाकार को एक से अधिक गांव या वार्ड सौंपे जा सकते हैं। यदि गणनाकार में कोई बदलाव होता है, तो खाता नए गणनाकार को पुनः सौंपा जा सकता है।

3.2.4.4 गणनाकार द्वारा प्रस्तुत की गई सूचियों की जांच की जा सकती है और यदि कोई संशोधन की आवश्यकता होती है, तो उन्हें पुनः संपादन के लिए वापस भेजा जा सकता है। जांच के मानदंड जांच अनुभाग के अंतर्गत दिए गए हैं। जांच के अतिरिक्त, बी.एल.ओ. को डेटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए रैंडम फील्ड निरीक्षण करने का अधिकार भी होगा।

3.2.4.5 बी.एल.ओ. को शेड्यूल्स को संपादित करने, वापस करने, अस्वीकार करने/हटाने का अधिकार होगा, ऐसे कार्य जिन्हें सावधानीपूर्वक निष्पादित किया जाना चाहिए। एक गांव को तब अंतिम माना जाता है जब बी.एल.ओ. सत्यापन और यदि आवश्यक हो तो क्षेत्र निरीक्षण के बाद गांव के सूची डी.एल.ओ. को अग्रेषित करता है।

3.2.4.6 बी.एल.ओ./उप-जिला स्तर की प्रक्रिया प्रवाह नीचे दिया गया है:



3.2.5 गणनाकार स्तर

गणनाकार ई.मेल. ओ.टी.पी. सत्यापन पूरा करने के बाद मोबाइल ऐप तक पहुँचेगा, जो केवल पहले लॉगिन पर आवश्यक होगा।

3.2.5.1 डेटा संग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले गणनाकार को मोबाइल एप्लिकेशन में लॉगिन करना होगा, जिसके लिए नेटवर्क कनेक्शन की आवश्यकता होगी।

3.2.5.2 गणनाकार को अपने क्षेत्राधिकार के सभी गाँवों/वार्डों का दौरा करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पूरी कवरेज की गई है। उसे गाँव के अधिकारियों, जानकार लोगों, जल उपयोग संघों और स्थानीय निवासियों के साथ बातचीत करनी चाहिए, ताकि वह शैडयूल के संबंधित क्षेत्रों को सही तरीके से भर सके। गणना का उद्देश्य स्थानीय लोगों/निवासियों को समझाया जाना चाहिए ताकि उनका विश्वास प्राप्त किया जा सके और विशिष्ट जानकारी प्राप्त की जा सके। मोबाइल एप्लिकेशन में शैडयूल भरने के बाद, गणनाकारों को पूर्ण शैडयूल अपने पर्यवेक्षक को जांच के लिए सबमिट करने होंगे।

3.2.5.3 गणनाकार स्तर प्रक्रिया प्रवाह नीचे दिया गया है:



3.3 फील्ड वर्क

3.3.1 पहली स्प्रिंग गणना आयुक्त के समग्र प्रभार में की जाएगी, जो संबंधित राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश के नोडल विभाग का एक वरिष्ठ अधिकारी होगा। फील्डवर्क या तो नोडल विभाग द्वारा स्वयं किया जाएगा या किसी अन्य एजेंसियों को सौंपा जाएगा/आउटसोर्स किया जाएगा, या फिर किसी अन्य एजेंसी को सौंपा जाएगा/आउटसोर्स किया जाएगा, जिसे राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार उपयुक्त समझे, और इस संबंध में इस कार्यालय को सूचित किया जाएगा। हालांकि, पूरी गणना संचालन प्रक्रिया में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का गणना आयुक्त भारत सरकार के संदर्भ में केंद्रीय बिंदु होगा और राज्य नोडल अधिकारी (एस.एन.ओ.) के लिए मानदेय प्राप्त करने के हकदार होंगे।

3.3.2 डेटा संग्रह का प्राथमिक कार्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गणनाकारों द्वारा किया जाएगा।

3.3.3 डेटा संग्रह शुरू करने से पहले गणनाकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे मोबाइल ऐप में लॉग इन हैं, जिसके लिए नेटवर्क कनेक्शन की आवश्यकता होती है। व्यापक डेटा संग्रह सुनिश्चित करने के लिए गणनाकारों को गांव के भीतर/आस-पास के सभी स्प्रिंग की पहचान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों, स्थानीय लोगों और पटवारियों से सहायता की आवश्यकता होती है।

3.3.4 प्राथमिक गणनाकार को गांव के अधिकारियों/जानकार लोगों/जल उपयोग केंद्रों से भी पता लगाना चाहिए कि गणना करने के लिए उसे आबंटित गांवों के भीतर या आस-पास के स्प्रिंग की पहचान कैसे की जाए।

3.4 जांच

3.4.1 डेटा की गुणवत्ता में सुधार करने और कार्य को समय पर पूरा करने के लिए राज्य के अधिकारियों को तहसील (उप-जिला)/ब्लॉक/जिला/राज्य मुख्यालय पर और केंद्र के अधिकारियों को डेटा संग्रहण अवधि के दौरान नियमित रूप से फील्ड दौरे/निरीक्षण करने चाहिए और फील्ड कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करना चाहिए।

3.4.1.1 **बी.एल.ओ. स्तर पर:** बी.एल.ओ. उन गाँवों के सूची को डी.एल.ओ. को अग्रेषित कर सकते हैं, जिनमें कोई भी फेल्ड वार्निंग चेक नहीं है। ब्लॉक स्तर अधिकारी कम से कम 10% या 50 स्प्रिंग्स (जो भी अधिक हो) का दौरा करेंगे, ताकि एकत्र किए गए डेटा की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्प्रिंग्स एकत्रित न हों और एक सामान्य दूरी पर फैले हों। पर्यवेक्षक को सलाह दी जाती है कि वे गणनाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी शेड्यूल्स की पूरी तरह से समीक्षा करें और केवल उन स्प्रिंग्स की जाँच करें जिन्हें फील्ड दौरे के माध्यम से सत्यापित करने की आवश्यकता है।

3.4.1.2 यदि बी.एल.ओ. एक सूची को संपादन के लिए गणनाकार को वापस भेजता है, लेकिन गणनाकार इसे 10 कार्य दिवसों के भीतर बी.एल.ओ. को वापस नहीं भेजता, तो बी.एल.ओ. उस सूची को डी.एल.ओ. को अग्रेषित कर सकता है। इसके बाद, इस सूची को गणनाकार के द्वारा संपादित करने का कोई विकल्प नहीं होगा। एक संदेश गणनाकार को दिखाई देगा: "संपादन की अनुमति नहीं है - सूची डी.एल.ओ. को भेज दी गई है"।

3.4.1.3 **डी.एल.ओ. स्तर पर:** जिला स्तर अधिकारी को जिले के सभी ब्लॉकों में से कम से कम 10% कुल स्प्रिंग्स या 50 शेड्यूल्स, जो भी अधिक हो, की सटीकता से जांच करनी होगी।

3.4.1.4 जब बी.एल.ओ. द्वारा सूची डी.एल.ओ. को प्रस्तुत की जाती है, तो बी.एल.ओ. डी.एल.ओ. /राज्य/केंद्र अधिकारी द्वारा एक ही समय में इसकी जांच की जा सकती है। सूची डी.एल.ओ./एस.एल.ओ./केंद्र यूज़रों के खातों में उपलब्ध होगा और यदि आवश्यक हो, तो उन्हें इसे बी.एल.ओ. स्तर पर वापस भेजने का विकल्प होगा। केंद्रीय स्तर पर एकत्र किए गए डेटा की रैंडम आधार पर जांच की जाएगी और उस पर पर्यवेक्षण/प्रश्न राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों को सुधार/स्पष्टीकरण के लिए भेजे जाएंगे। गणना पूरी होने और डेटा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद राज्य को टैब्लेटेड रिपोर्ट्स प्राप्त होंगी ताकि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार माइक्रो-लेवल टेबल्स तैयार कर सकें।

3.5 प्रगति नियंत्रण

3.5.1 पहली स्प्रिंग्स गणना की प्रगति को वेब पोर्टल (डैशबोर्ड) के माध्यम से वास्तविक समय में नियंत्रित किया जाएगा। केंद्र और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश मुख्यालयों पर एक समर्पित टीम कार्य की प्रगति को सक्रिय रूप

से नियंत्रित करेगी और यदि कोई समस्या हो तो उसे प्राथमिकता के आधार पर हल करेगी। नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने के लिए केंद्र/राज्य/जिला/उप-जिला (तहसील)/ब्लॉक स्तर पर बहु-स्तरीय नियंत्रण प्रणाली अपनाई जाएगी।

3.5.2 ब्लॉक स्तर पर बी.एल.ओ. की डैशबोर्ड तक पहुँच होगी, जो गाँवों की सूची को पूर्ण, शुरू न हुआ, या प्रगति पर के रूप में श्रेणीबद्ध दिखाएगा। जिला स्तर पर डी.एल.ओ. की उन सभी ब्लॉकों की स्थिति देखने की अनुमति होगी जो उन्हें सौंपे गए हैं, साथ ही विशिष्ट ब्लॉकों और उनके अंदर स्थित गाँवों की स्थिति भी देखने को मिलेगी। राज्य स्तर पर एस.एन.ओ. की डैशबोर्ड तक पहुँच होगी, जो सभी जिलों की स्थिति दिखाएगा, साथ ही विशिष्ट जिलों और उनके अंदर स्थित ब्लॉकों और गाँवों की स्थिति भी प्रदर्शित करेगा। केंद्र स्तर पर डैशबोर्ड में सभी राज्यों की स्थिति, विशिष्ट राज्य की स्थिति, और उन राज्यों के अंतर्गत आने वाले जिलों/ब्लॉकों/गाँवों की स्थिति प्रदर्शित होगी।

3.6 गणना की अनुमानित सूची

1. केंद्र से केंद्रीय अनुदान का वितरण: जैसे ही राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा मांग की जाए
2. ऑल इंडिया प्रशिक्षण कार्यशाला: अगस्त 2023
3. मोबाइल ऐप का पायलट परीक्षण: अक्टूबर 2024
4. छह क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशालाएँ: दिसंबर 2024 – जनवरी 2025
5. राज्य/जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम: मार्च 2025
6. गणना के लिए फील्ड कार्य की शुरुआत: अप्रैल 2025
7. डेटा शोधन, सत्यापन और जांच: अप्रैल 2025 से सितंबर 2025 तक
8. केंद्रीय मंत्रालय द्वारा तालिकाओं की जांच: अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025
9. मुख्य परिणामों का प्रकाशन: मार्च 2026
10. अंतिम रिपोर्ट का मसौदा तैयार करना और प्रकाशन: जून 2026


*****

अध्याय 04:

उपयोगकर्ता प्रबंधन वेब एप्लीकेशन और मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करने के लिए निर्देश

4.1 लॉग इन खाते (लॉगिन अकाउंट) की भूमिकाएँ और सुविधाएँ

इस सिस्टम में चार अलग-अलग लॉग इन अकाउंट [एडमिन (व्यवस्थापक), स्टेट(राज्य), डिस्ट्रिक्ट(जिला)और ब्लॉक] शामिल हैं, जिनमें यूजर मैनेजमेंट वेब एप्लीकेशन के लिए रोल-आधारित पहुंच (एक्सेस) है। नीचे प्रत्येक लॉग इन अकाउंट और उसकी संबंधित विशेषताओं और जिम्मेदारियों का विस्तृत विवरण दिया गया है:



चित्र 4.1 वेब एप्लीकेशन के माध्यम से डेटा और उपयोगकर्ता प्रबंधन (एडमिन, एस.एल.ओ., डी.एल.ओ. और बी.एल.ओ.) और मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से गणनाकार द्वारा क्षेत्र कार्य को दर्शाता प्रवाह आरेख।

A. व्यवस्थापक खाता (एडमिन अकाउंट):

- **भूमिका**: "एडमिन अकाउंट" की मुख्य भूमिका देश के सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के लिए "राज्य उपयोगकर्ता (स्टेट यूजर्स)" बनाना है। इसके अतिरिक्त, "एडमिन अकाउंट" के पास पूरे सिस्टम तक पहुँच होती है और इसे केंद्रीय टीम द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
- **विशेषताएँ**:
    - **डेटा प्रबंधन**:
        - सभी क्षेत्रों के समस्त गणना डेटा तक पहुँच प्राप्त करें।
        - गणनाकार डेटा और रिपोर्ट को एक्सेल या पी.डी.एफ. प्रारूप में निर्यात करें।
    - **फ़िल्टर और खोज**:

        - राज्य, जिला, ब्लॉक, शहरी/ग्रामीण और गणनाकार का नाम के आधार पर फ़िल्टरलागू करें।
    - **डैशबोर्ड**:
        - समेकित आंकड़े देखें, जैसे कुल संचालित शेड्यूल्स और सक्रिय गणनाकर्ता।
    - **खाता प्रबंधन**:
        - राज्य के लिए लॉगिन खाते बनाएं और प्रबंधित करें।

B. राज्य खाता (स्टेट अकाउंट):

- **भूमिका**: राज्य उपयोगकर्ता की मुख्य भूमिका राज्य के सभी जिला उपयोगकर्ताओं (डिस्ट्रिक्ट यूजर्स) के लिए लॉग इन क्रेडेंशियल (प्रत्यायक) बनाना है। इसके अतिरिक्त, राज्य उपयोगकर्ता (स्टेट यूजर्स) को राज्य में गणनाकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले गणना कार्रवाई की देखरेख करने का अधिकार है।
- **विशेषताएँ**:
    - **डेटा एक्सेस**:
        - राज्य के सभी जिलों के गणना डेटा तक पहुंच।
    - **फ़िल्टर और खोज**:
        - जिला, शहरी/ग्रामीण, और गणनाकार का नाम के आधार पर गणनाकार विवरण खोजें।
    - **डैशबोर्ड**:
        - राज्य-स्तरीय आंकड़े देखें, जैसे संचालित शेड्यूल्स की संख्या और सक्रिय गणनाकर्ताओं की संख्या|

C. जिला खाता (डिस्ट्रिक्ट अकाउंट) :

- **भूमिका**: जिला उपयोगकर्ता की मुख्य भूमिका अपने जिले में आने वाले सभी ब्लॉक/नगर पालिकाओं के लिए ब्लॉक, उप जिला उपयोगकर्ता (सब-डिस्ट्रिक्ट यूजर्स) बनाना है। इसके अतिरिक्त, जिला उपयोगकर्ता को जिले के सभी ब्लॉक/नगरपालिकाओं में गणना कार्रवाई की देखरेख करने का अधिकार है।
- **विशेषताएँ**:
    - **डेटा एक्सेस**:
        - जिले के भीतर निर्दिष्ट ब्लॉक/नगर, उप जिला या नगर पालिकाओं में एकत्र किए गए गणना डेटा को देखें और जरुरी हो तो गणनाकार को वापस भेजें ।
    - **फ़िल्टर और खोज**:
        - ब्लॉक/नगर या नगर पालिकाओं और गणनाकार का नाम/फ़ोन नंबर के आधार पर गणनाकार विवरण फ़िल्टर करें।
    - **डैशबोर्ड**:

- जिला-स्तरीय मेट्रिक्स, जैसे कि कुल संचालित शैडयूलस आदि की निगरानी करें।

D. ब्लॉक/नगर एवं उप जिला खाता (ब्लॉक या सब-डिस्ट्रिक्ट अकाउंट):

- **भूमिका:** ब्लॉक/नगर या उप-जिला उपयोगकर्ता (ब्लॉक या सब-डिस्ट्रिक्ट अकाउंट) की प्राथमिक भूमिका निर्दिष्ट गांवों और वार्डों के लिए "गणनाकर्ता" को जोड़ना है।
- **ब्लॉक/नगरऔर उप-जिला उपयोगकर्ता:**उन्हें अपने निर्धारित क्षेत्रों में गणनाकर्ताओं को जोड़ने, गणना कार्रवाई की देखरेख करने और एकत्रित आंकड़ों को सत्यापित करने का अधिकार है।
- **गणनाकार:** निर्दिष्ट गांव या वार्ड के भीतर गणना डेटा एकत्र करने और उसे सत्यापन के लिए प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी।
- **विशेषताएँ:**
    - **गणनाकार प्रबंधन:**
        - ब्लॉक/नगर को सौंपे गए गणनाकारों को देखें और प्रबंधित करें।
    - **डेटा एक्सेस:**
        - निर्दिष्ट गांवों और वार्डों के लिए गणना डेटा तक पहुंच और संपादन करें।
    - **फ़िल्टर और खोज:**
        - गणनाकार के नाम से गणनाकार का विवरण खोजें।
    - **डैशबोर्ड:**
        - ब्लॉक स्तर पर गणना गतिविधियों और प्रदर्शन की निगरानी करना।

4.2 उपयोगकर्ता प्रबंधन डैशबोर्ड तक पहुंच और उसका उपयोग


A. व्यवस्थापक खाता (एडमिन अकाउंट):

यू.आर.एल. - https://wrcensus.mowr.gov.in/

वेब ब्राउज़र में URL दर्ज करने के बाद, निम्नलिखित पृष्ठ प्रदर्शित होगा:



"SPRING CENSUS" पर क्लिक करने पर निम्नलिखित पृष्ठ प्रदर्शित होगा:





उपयोगकर्ता (यूज़र) को संबंधित क्षेत्र में **एडमिन अकाउंट** का ई.मेल. और पासवर्ड भरना होगा।

पोर्टल में उल्लिखित एडमिन अकाउंट की विशेषताएं:

1. **डैशबोर्ड:**


   - यह एक प्रथम स्प्रिंग गणना हेतु निगरानी डैशबोर्ड हैं जो विभिन्न फ़िल्टर (**अर्बन और रूरल, स्टेट, डिस्ट्रिक्ट, ब्लॉक**) के आधार पर देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न गांवों या वार्डों में स्प्रिंग गणना डेटा को स्टेक चार्ट **(कम्प्लेटेड, इन प्रोग्रेस, नॉट स्टार्टेड, स्प्रिंग नॉट अवेलेबल)** तथा विस्तृत रूप से तालिका में प्रदर्शित करता हैं |
   - भौगोलिक संदर्भ और सारांश सांख्यिकी के लिए एक मानचित्र प्रदर्शित करता है, जैसे प्रत्येक राज्य में अनुमोदित मानचित्रित शैडयूलस की संख्या।






2. स्टेट यूजर्स

- एडमिन को राज्य स्तर पर उपयोगकर्ताओं को प्रबंधित करने की अनुमति देता है। एडमिन राज्य उपयोगकर्ताओं को जोड़ (**ऐड स्टेट यूजर्स**) एवं **एक्शन्स** टैब के अंतरगत संपादित **(एडिट)** एवं हटा **(डिलीट)** सकते हैं।



3. शैडयूल

- एक सारांश तालिका (**नेम, मोबाइल नंबर, स्प्रिंग आई.डी., स्टेट, शैडयूल डेट टाइम, करंट स्टेटस, एक्शन्स**) विभिन्न राज्यों में सभी अनुमोदित (एप्रूव्ड) स्प्रिंग शैडयूल प्रदर्शित करती है ।



- **एक्शन्स** टैब के अंतरगत **व्यू** पर क्लिक करने से विस्तृत स्प्रिंग शैडयूल जानकारी प्रदर्शित होती है, जिसमें शामिल हैं:
  - पहचान विवरण (Identification Particulars)
  - स्प्रिंग विवरण (spring Description)
  - स्प्रिंग की सामान्य भौतिक विशेषताएँ (General Physical Characteristics of the Spring)
  - अन्य सूचना (Other information)
- **फ़िल्टर** टैब एडमिन को **स्टेट, डिस्ट्रिक्ट, अर्बन और रूरल**, **एनुमेरटर नेम, मोबाइल नंबर** जैसे मानदंडों के आधार पर परिणामों को सीमित करने की अनुमति देता हैं।

4. **हेल्प डॉक्यूमेंट:**
   - एडमिन यूजर्स के लिए एक मार्गदर्शिका उपलब्ध है|
5. **डाउनलोड स्प्रिंग मैन्युअल:**
   - स्प्रिंग की प्रथम गणना हेतु अनुदेश पुस्तिका डाउनलोड करें |


B. राज्य खाता (स्टेट अकाउंट):

राज्य उपयोगकर्ता (स्टेट लेवल ऑफिसर) अपने राज्य के लिए एडमिन द्वारा सृजित लॉगिन क्रेडिंटिअल का प्रयोग कर अपने राज्य के डैशबोर्ड तक पहुंचे |

1. डैशबोर्ड:


- यह एक प्रथम स्प्रिंग गणना हेतु निगरानी डैशबोर्ड हैं जो विभिन्न **फ़िल्टर** (**अर्बन और रूरल, स्टेट, डिस्ट्रिक्ट, ब्लॉक**) के आधार पर राज्य के विभिन्न गांवों या वार्डों में स्प्रिंग गणना डेटा को स्टेक चार्ट

(कम्प्लेटेड, इन प्रोग्रेस, नॉट स्टार्टेड, स्प्रिंग नॉट अवेलेबल) तथा विस्तृत रूप से तालिका में प्रदर्शित करता हैं |




2. डिस्ट्रिक्ट यूजर्स

- राज्य उपयोगकर्ता अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जिला उपयोगकर्ता जोड़ (**ऐड डिस्ट्रिक्ट यूजर्स**) सकते हैं एवं **एक्शन्स** टैब के अंतरगत संपादित **(एडिट)** एवं हटा **(डिलीट)** सकते हैं।
- राज्य के भीतर स्प्रिंग शैडयूल नियोजन और निष्पादन के लिए सुचारू संचालन सुनिश्चित करना।




3. शैडयूल:

- एक सारांश तालिका (**नेम, मोबाइल नंबर, स्प्रिंग आई.डी., स्टेट, शैडयूल डेट टाइम, करंट स्टेटस, एक्शन्स**) राज्य में भरे गए कुल स्प्रिंग शैडयूल प्रदर्शित करती है।
- **एक्शन्स** टैब के अंतरगत व्यू पर क्लिक करने से विस्तृत स्प्रिंग शैडयूल जानकारी प्रदर्शित होती है, जिसमें शामिल हैं:
  - पहचान विवरण (Identification Particulars)
  - स्प्रिंग विवरण (spring Description)
  - स्प्रिंग की सामान्य भौतिक विशेषताएँ (General Physical Characteristics of the Spring)
  - अन्य सूचना (Other information)
- **फ़िल्टर** राज्य के उपयोगकर्ताओं को जिला या गणनाकार जैसे मानदंडों के आधार पर परिणामों को सीमित करने की अनुमति देते हैं।
- रिपोर्टिंग या विश्लेषणके लिए स्प्रिंग शैडयूल डेटा को **एक्सेल** में निर्यात करें।



4. अपडेट डिस्ट्रिक्ट स्टेटस

- राज्य के अंतर्गत जिलेवार **"स्प्रिंग नॉट अवेलेबल"** को अद्यतन करना| "स्प्रिंग नॉट अवेलेबल" की स्थिति में सम्बंधित प्रमाणपत्र दस्तावेज़ **(अपलोड सर्टिफिकेट डॉक्यूमेंट)** भी अपलोड करना होगा |



5. हेल्प डॉक्यूमेंट:

- राज्य उपयोगकर्ताओं के लिए एक मार्गदर्शिका उपलब्ध है|

6. डाउनलोड स्प्रिंग मैन्युअल


- स्प्रिंग की प्रथम गणना हेतु अनुदेश पुस्तिका डाउनलोड करें |

C. जिला खाता (डिस्ट्रिक्ट अकाउंट):

जिला उपयोगकर्ता (डिस्ट्रिक्ट लेवल ऑफिसर) अपने जिले के लिए स्टेट लेवल ऑफिसर द्वारा सृजित लॉगिन क्रेडिंटिअल का प्रयोग कर अपने जिले के डैशबोर्ड तक पहुंचे |

1. डैशबोर्ड


- यह एक प्रथम स्प्रिंग गणना हेतु निगरानी डैशबोर्ड हैं जो विभिन्न फ़िल्टर (**अर्बन और रूरल, स्टेट, डिस्ट्रिक्ट, ब्लॉक**) के आधार पर जिले के विभिन्न गांवों या वार्डों में स्प्रिंग गणना डेटा को स्टेक चार्ट **(कम्प्लेटेड, इन प्रोग्रेस, नॉट स्टार्टेड, स्प्रिंग नॉट अवेलेबल)** तथा विस्तृत रूप से तालिका में प्रदर्शित करता हैं |



S.No	State Name	District Name	Block/Sub-District	Total Villages	No. Of Completed Villages	No. Of Villages Where Work Is In Progress	No. Of Villages Where Work Has Not Started	No. Of Villages Where Spring Not Available	No. Of Villages Mapped To Enumerator	No. Of Schedules Submitted By Enumerators
1	Uttarakhand	Haridwar	Bahadrabad	144	0	0	0	0	0	0
2	Uttarakhand	Haridwar	Bhagwanpur	86	2	83	0	1	9	4
3	Uttarakhand	Haridwar	Khanpur	53	0	10	0	0	10	0
4	Uttarakhand	Haridwar	Laksar	113	0	0	0	0	0	0
5	Uttarakhand	Haridwar	Narsan	123	0	0	0	0	0	0

2. सब-डिस्ट्रिक्ट, ब्लॉक, सिटी यूजर्स


- जिला उपयोगकर्ता अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सब-डिस्ट्रिक्ट, ब्लॉक, सिटी उपयोगकर्ता को जोड़ **(ऐड सब-डिस्ट्रिक्ट, ब्लॉक और सिटी यूज़र्स)** सकते हैं, एवं **एक्शन्स** टैब के अंतरगत संपादित **(एडिट)** कर सकते हैं या हटा **(डिलीट)** सकते हैं।
- गणना की योजना और कार्यान्वयन के लिए जिले के भीतर सुचारू संचालन सुनिश्चित करना।



---

3. शैडयूल:

- एक सारांश तालिका (**नेम, मोबाइल नंबर, स्प्रिंग आई.डी., स्टेट, शैडयूल डेट टाइम, करंट स्टेटस, एक्शन्स**) जिले में भरे गए कुल स्प्रिंग शैडयूल प्रदर्शित करती है।
- जिला उपयोगकर्ता अपने जिले में भरे गए स्प्रिंग शैडयूल को एक्शन्स टैब के अंतरगत देख (व्यू), और यदि उसमें संशोधन की आवश्यकता हो या वह आवश्यक मानदंडों को पूरा न करता हो तो ब्लॉक/सिटी लेवल ऑफिसर को लौटा (**रिवर्ट तो ब्लॉक लेवल**) सकतें हैं|




